कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है वर्ष 2022 की हाईस्कूल की कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट परीक्षा में तथा सन्निरीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुये परीक्षार्थियों को शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा–11 में प्रवेश लेकर अग्रिम पंजीकरण कराये जाने, वर्ष 2022 की कक्षा–10 एवं 12 की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में तथा सन्निरीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के वर्ष 2023 की परीक्षा के आवेदन पत्र भरे जाने हेतु समय सारिणी निम्नवत निर्धारित की जाती है :–

वर्ष 2022 की हाईस्कूल की कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट परीक्षा में तथा सन्निरीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुये परीक्षार्थियों को शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा–11 में प्रवेश लेने तथा उनके अग्रिम पंजीकरण कराये जाने की निर्धारित तिथि

विवरण	निर्धारित तिथि
1– वर्ष 2022 की हाईस्कूल कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट परीक्षा में तथा सन्निरीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुये परीक्षार्थियों के शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा–11 में प्रवेश एवं उनके अग्रिम पंजीकरण **हेतु** प्रति छात्र रुपया 50/– (पचास रु0 मात्र) अग्रिम पंजीकरण शुल्क कोषागार में जमा करने की तिथि।	01 अक्टूबर, 2022 तक
2– कोषागार में जमा किये गये अग्रिम पंजीकरण शुल्क के ट्रेजरी चालान का विवरण तथा छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट पर आनलाइन अपलोड करने की तिथि।	3 अक्टूबर,2022 से 10 अक्टूबर,2022 (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक)

वर्ष 2022 की कक्षा–10 एवं 12 की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में तथा सन्निरीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के कक्षा–10/12 में यथास्थिति प्रवेश लेने एवं उनके वर्ष 2023 के परीक्षा आवेदनपत्र भरने की निर्धारित तिथि

विवरण	निर्धारित तिथि
1– वर्ष 2022 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में तथा सन्निरीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के वर्ष 2023 के कक्षा–10/12 में यथास्थिति प्रवेश लेने एवं परीक्षा शुल्क कोषागार में जमा करने की तिथि।	01 अक्टूबर, 2022 तक
2– कोषागार में जमा किये गये परीक्षा शुल्क के ट्रेजरी चालान का विवरण तथा छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट पर आनलाइन अपलोड करने की तिथि।	3 अक्टूबर,2022 से 10 अक्टूबर,2022 (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक)

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या–मा0शि0प0/सिस्टम सेल/469 (1-9) दिनांकः 17-09-2022

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति जनहित से सम्बन्धित है। अतएव इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2– अनु सचिव, शिक्षा–7 अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यलय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।

4– अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार), पत्राचार शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

5– अपर शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।

6– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

7– समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

8– अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/वाराणसी/ गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से भी इसका व्यापक प्रचार प्रसार करायें।

9– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति अपने जनपद मे व्यापक रूप से प्रसारित करायें। संस्था के प्रधान द्वारा सभी अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क का कोषपत्र 5 प्रतियों में तैयार करके अपने ही जनपद के कोषागार में जमा किया जायेगा। कोषपत्र की दो प्रति कोषागार में, एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक के पास, एक प्रति नामावली के साथ परिषद कार्यालय को प्रेषित की जायेगी तथा एक प्रति संस्था के प्रधान द्वारा विद्यालय में सुरक्षित रखी जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद के समस्त संस्था से संकलित कोषपत्रों का सत्यापन अधिकतम एक माह के अन्दर कोषगार से कराया जायेगा, सत्यापन की वस्तुस्थिति/संस्तुति से परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय सचिव/सचिव को अवगत कराया जायेगा। संस्था के प्रधान द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात वेबसाइट से डाउनलोड की गयी नामावली तथा कोषपत्र की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा की जायेगी।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।